श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। राजस्थान में भोजपुरा विश्वविद्यालय तथा जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय हैं। इन दोनों को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दजा देने के लिय राजस्थान सरकार, केन्द्र को लिख चुकी है। यह मामला अभी तक विचाराधीन है। अभी तक केन्द्र सरकार ने पूर्वोत्तर विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दजा दिया है। राजस्थान एक रेगिस्तानी इलाका है जहां अनसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ी हुई जातियां रहती हैं। वहां बच्च ज्यादा नहीं पढ़ सकते हैं । राजस्थान देश का सब से बड़ा प्रदेश है।

13.00 hrs

इसलिए मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जयनारायण विश्वविद्यालय, जोधपर, जिसका नाम राजस्थान सरकार ने रिकमैन्ड किया है, उसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दजा दिया जाए।